प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– बीते 9 वर्षों में तीन गुना हुई प्रदेश के आम नागरिक की आय, 9 लाख लोगों को मिला रोजगार।
2. एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर संयुक्त संसदीय समिति ने लखनऊ में राजनीतिक दलों से किया संवाद : ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा– विकसित भारत के संकल्प को गति देगा वन नेशन, वन इलेक्शन।
3. श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावा प्रकरण के आरोपियों रमाशंकर मिश्रा और सुभाष श्रीवास्तव की 14 घंटे की पुलिस रिमांड मंजूर : लवकुश मिश्रा के निर्माणाधीन मकान पर अयोध्या विकास प्राधिकरण ने लगाया नोटिस।

और

4. आषाढ़ मास की अमावस्या पर चित्रकूट में उमड़ी भक्तों की भीड़ : श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में स्नान कर की कामदगिरी की परिक्रमा।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बीते 9 वर्षों में प्रदेश में बड़ा बदलाव आया है। आज लखनऊ में एक निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 2017 से अब तक 9 लाख से अधिक

युवाओं को रोज़गार दिया है। उन्होंने कहा कि आज उत्तरप्रदेश आधुनिक इंफ्रास्ट्रकचर और सुशासन के कारण देशका अग्रणी राज्य बन चुका है। आज प्रदेश गन्ना, चीनी और एथेनॉल उत्पादन में देश में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने इन 9 वर्षों में प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करन में सफलता प्राप्त की है। बाइट.....

*हमने नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की। प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की। वीमेन वर्क फोर्स  को प्रदेश के अंदर तीन गुना से अधिक उनकी उपस्थिति देश के अंदर शासकीय सेवा हो या फिर प्रदेश के अंदर इंडस्ट्रियलाइजेशन की जो कार्रवाई हुई है उनमें उनकी उपस्थिति वहां हुई है। ये आंकड़े वह है जिसने उत्तर प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान के उस संकट से उभारने में मदद की।*

——————————

एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति– जेपीसी ने लखनऊ दौरे के दूसरे दिन आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वन नेशन वन इलेक्शन एक अच्छी व्यवस्था होगी जो समय, पैसों और संसाधनों की बचत करेगी। बैठक में ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और राष्ट्रहित में लिया गया ऐतिहासिक निर्णय है, जिसे शीघ्र लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी और विकसित भारत क

संकल्प को गति मिलेगी। वहीं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि देश में एक साथ चुनाव कराना देश हित में है। इससे बार बार चुनाव होने पर पड़ने वाला आर्थिक दबाव कम होगा और जनता को भी सुविधा होगी। बाइट.....

*1952 से लेकर के 1967 तक देश के सभी पार्लियामेंट्री चुनाव और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। एक साथ चुनाव होने के नाते समय की बहुत बड़ी बचत हुई और आर्थिक रूप से भी जो आज भारी दबाव पड़ रहा है बार बार के चुनाव से उससे उस समय राहत थी। हमारे देश के भीतर वन नेशन वन इलेक्शन का लोकसभा का चुनाव और विधानसभा के चुनाव भी साथ साथ हो तो देश की विकास की गति तेजी से बढ़ेगी और आर्थिक गति भी उससे बढ़ सकती है।*

———————————

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के 30वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। इस समारोह में 279 विद्यार्थियों को उपाधियां दीगई। इस दौरान उत्कृष्ट शिक्षकों, शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कारों और स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया। नेफ्रोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नारायण प्रसाद को गवर्नर गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि लोगों का स्वास्थ्य केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न योजनाएं चला रही है, जिससे लोगों के जीवन में परिवर्तन आ रहा है।

———————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई ने आर थ्री भाषा मूल्यांकन का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत तीसरी भाषा, यानी आर थ्री का मूल्यांकन केवल स्कूल–स्तर की आंतरिक परीक्षाओं के ज़रिए किया जाएगा। इस साल आर थ्री के लिए कोई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी। बोर्ड ने कहा है कि जो छात्र आर थ्री पास नहीं कर पाते हैं, उन्हें भी 10वीं कक्षा में प्रमोट कर दिया जाएगा, लेकिन 10वीं कक्षा में रहते हुए उनके लिए इसे पास करना आवश्यक करना होगा। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि 8वीं कक्षा वाला तीन–भाषाओं का कॉम्बिनेशन 9वीं कक्षा में भी जारी रहेगा, और इनमें से किसी एक को आर थ्री के तौर पर चुना जाएगा।

———————————

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावा प्रकरण में एंटी करप्शन कोर्ट ने मामले में गिरफ्तार आरोपी रमाशंकर मिश्रा और सुभाष श्रीवास्तव की 14 घंटे की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली है। पुलिस की टीम कल सुबह इनकी कस्टडी लेकर पूछताछ करेगी। वहीं आरोपी लवकुश मिश्रा के निर्माणाधीन मकान पर आज अयोध्या विकास प्राधिकरण ने अंतिम नोटिस चस्पा कर दिया है। अयोध्या विकास प्राधिकरण में ओएसडी महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 3 जुलाई को जारी नोटिस के बावजूद लवकुश मिश्रा की पत्नी

सुप्रिया मिश्रा की ओर से कोई पत्रावली या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। अब ए.डी.ए ने उन्हें 15 जुलाई तक मानचित्र व अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होने का अंतिम अवसर दिया है। श्री सिंह ने कहा कि निर्धारित समय तक जवाब या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर आगेकी कार्रवाई की जाएगी। बाइट.....

*इनकी पत्नी सुप्रिया जी हैं। उनके द्वारा एक निर्माण किया गया है और उस निर्माण का नक्शा हमारे यहां से स्वीकृत नहीं है। इसीलिए जब चालानी कार्रवाई प्रस्तुत की गई है जी आई के द्वारा तो उनके खिलाफ नोटिस जारी की गई। पहली नोटिस पर वो उपस्थित नहीं हुई। इसलिए दूसरी नोटिस जारी की गई जिसमें 15 तारीख नियत है। अब यह प्रोसिडिंग है जो नगर नियोजन अधिनियम 1973 है, उसकी प्रोसिडिंग अगली कार्रवाई जाएगी।*

——————————

सुप्रीम कोर्ट की पहल पर वाराणसी के ज्ञानवापी प्रकरण को आपसी सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित करने के उद्देश्य से आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में दोनों पक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वादी और प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ताओं के साथ संबंधित पक्षकार भी मौजूद रहे। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच हुई बातचीत के बाद भी किसी प्रकार की सहमति नहीं बन सकी और वार्ता बेनतीजा रही। बैठक के बाद दोनों पक्षां ने स्पष्ट किया कि ज्ञानवापी विवाद का अंतिम समाधान न्यायालय के निर्णय से ही संभव है।

——————————

# ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारो का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

चित्रकूट में आज आषाढ़ मास की अमावस्या मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में स्नान कर कामदगिरी की परिक्रमा की। पेश है एक रिपोर्ट.....

*आषाढ़ मास की अमावस्या के अवसर पर आज सुबह से ही चित्रकूट में श्रद्धालुओं ने स्नान किया और भगवान मत्तगजेंद्र नाथ और कामतानाथ मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों और मठों में जाकर देवी–देवताओं के दर्शन किए। कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा का सिलसिला भी पूरे दिन जारी रहा। भक्तों की भारी भीड़ के मद्देनज़र सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। मेला क्षेत्र और आसपास के इलाके की निगरानी ड्रोन कैमरों की मदद से की जा रही है। रामघाट, निर्मोही अखाड़ा, टैम्पोस्टैंड, यूपीटी तिराहा, चित्रागोकूलपुर, परिक्रमा मार्ग तथा मेला क्षेत्र के अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार नजर रखी जा रही है। पुलिस ने लोगों से सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। अजय प्रताप सिंह, आकाशवाणी समाचार,चित्रकूट।*

———————

**प्रदेश सरकार ने बेड एण्ड ब्रेक फास्ट और होमस्टे नीति–2025 में हितधारकों को सुविधाएं देने के लिए इसके प्राविधानों में संशोधन किये हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*एसओपी संशोधन के अनुसार अब होम स्टे प्रतिष्ठान में कम से कम 01 और अधिकतम 08 कमरे पंजीकृत कराये जा सकते हैं। 09 कमरों से अधिक भवन वाली इकाईयॉ इस नीति के अंतर्गत पंजीकरण के पात्र नहीं होंगे। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 16 बिस्तरों वाली डारमेट्री भी इस श्रेणी के अंतर्गत पात्र इकाई मानी जायेगी। उन्होंने बताया कि ऑटो रिन्यूवल पंजीकरण समाप्ति की तिथि से तीन माह पहले पोर्टल पर कराया जा सकेगा। समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।*

———————

**प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने सभी प्राधिकरण और विभागों को ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए उपयुक्त ज़मीनें चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। आज इस संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ई–ड्राइव योजना उत्तर प्रदेश में स्वच्छ, हरित और सतत परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों और प्राधिकरणों के साझा प्रयासों से प्रदेश में आधुनिक सार्वजनिक ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रकचर का तेजी से विकास किया जाए।**

———————

**राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में आज हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आगामी दोदिनों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज चमक के**

साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। इस दौरान उमस भरी गर्मी की स्थितियां बने रहने का भी अनुमान है।

(समाप्त)